

## मेष

01 से 06 जून तक-इस माह का प्रारम्भ ज्यादा शुभ नहीं है। बच्चों की **समस्याओं** पर ध्यान दें। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतें। **आर्थिक स्थिति** स्थिर रहेगी। **मानसिक तनाव** रहेगा। किसी भी कार्य में अड़ियल रवैया अपनाने के बजाये धैर्य के साथ व्यवहार करने पर बेहतर परिणाम मिलेंगे। सरकारी संबंधित कार्य पूर्ण होंगे।

07 से 13 जून तक-समय **प्रतिकूल** है। **शत्रु** आप पर हावी होंगे। आकस्मिक धन हानि हो सकती है। आपके साथ **विश्वासघात** हो सकता है। किसी भी कागज पर हस्ताक्षर करने से पहले अच्छी तरह पढ़ लें अन्यथा आप किसी **विपत्ति** में फंस सकते है। परिवार के सदस्य को लेकर चिंतित रहेंगे। आप **अनन्त शक्ति प्रदायिनी अमोघ पारदेश्वरी दुर्गा साधना** करें। जिससे **समस्याओं** का निवारण होगा। **न्यौछावर ₹ 1800/-**

14 से 20 जून तक- समय मिश्रित **फलकारी** है। आप किसी **संत महात्मा** से मिलेंगे व उनका **आदर-सत्कार** करेंगे। ज्ञान बढ़ायेंगे। **वाक् चातुर्य** से आप कोई भी काम करवा लेंगे। यात्रायें लाभदायक रहेगी। **संतुष्टी का भाव** आपकी शांत जीवन का रहस्य है। इंटरव्यू के लिये पत्र आ सकता है।

21 से 30 जून तक- किसी रिश्तेदार से **शुभ समाचार** प्राप्त हो सकता है। कार्यक्षेत्र में **स्थिरता** रहेगी। आप पुरानी **विचारधारा** को त्याग कर **नये संकल्पों** के साथ आगे बढ़ेंगे। बच्चों की पढ़ाई व भविष्य को लेकर आप **चिंतित** रहेंगे। आर्थिक परेशानी रहेगी। किसी से पैसा उधार लेना पड़ सकता है। आप कोई विशेष कार्य सम्पन्न करेंगे।

**शुभ तिथियाँ 8,12,15,23**



## वृषभ

01 से 06 जून तक-इस माह आप अधिक व्यस्त रहेंगे। काम का बोझ अधिक रहेगा, आप हर कार्य समय पर पूर्ण करेंगे। **शत्रु** आपको नुकसान पहुँचाने में असफल होंगे। मेहमानों का आगमन हो सकता है। आपका **आत्मविश्वास** दृढ़ रहेगा। कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। कार्यालय में **उच्चाधिकारी** आपकी प्रशंसा करेंगे। दिन **लाभदायक** रहेगा।

07 से 13 जून तक-समय आपके **प्रतिकूल** है सावधान रहे। इंटरव्यू अच्छा न होने के कारण मन उदास रहेगा। बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित रहेंगे। किसी से **लड़ाई-झगडे** का **योग** बन रहा है, **क्रोध** व **वाणी** पर नियंत्रण रखें। इस महीने आप **सुरक्षा प्रदायिनी देवी कपिला योगिनी दीक्षा** ग्रहण करें, **अनुकूल परिस्थितियां** निर्मित होगी। **न्यौछावर ₹ 2100/-**

14 से 20 जून तक-आप अपनी **जिम्मेदारी** को अच्छी तरह से निभायेंगे। आप अपने परिवार को हर **संकट** और **परेशानी** से सुरक्षित रखने का प्रयास करेंगे। जीवन के प्रति आपकी सोच **सकारात्मक** रहेगी। आप अपने **लक्ष्य** को हासिल करने के लिये **प्रयासरत** रहेंगे। घर-परिवार में आपका **सम्मान** होगा। कोई महत्त्वपूर्ण निर्णय लेंगे, जो आपके जीवन में बदलाव की पहल करेगा, **सुस्थितियों** की ओर अग्रसर होंगे।

21 से 30 जून तक- लम्बे समय से **दुःख** देता आ रहा **रोग** समाप्त होगा। **कठोर परिश्रम** के बाद ही **सफलता** प्राप्त होगी। आकस्मिक **धन हानि** का **योग** है। अंजान व्यक्तियों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें। किसी यात्रा पर जा सकते है जिससे आपका सम्पर्क का दायरा बढ़ेगा।

**शुभ तिथियाँ 1,5,8,24**



## मिथुन

01 से 06 जून तक-इस माह का आरम्भ **लाभदायक** रहेगा। कोई महत्त्वपूर्ण ऑर्डर मिल सकता है। आप कोई बड़ा कार्य सम्पन्न करेंगे। **गरीब** और **दुःखी** लोगों के प्रति आपकी असीम **करूणा** रहेगी, आप **क्षमतानुसार** उनकी मदद करेंगे, आपके **व्यवसाय** का दायरा बढ़ेगा, धनागमन में **वृद्धि** होगी। मन **चंचल** रहेगा, ध्यान का अभ्यास करें **चंचल मन** शांत हो जायेगा।

07 से 13 जून तक-समय **व्यर्थ के कार्यो** में व्यतीत होगा। कोई **गलत फैसला** लेने से **गंभीर नुकसान** हो सकता है। इस समय **शत्रु** आप पर हावी होंगे। बनते काम अचानक रूक जायेंगे। छोटे-मोटे काम के लिये भी **अधिक परिश्रम** करना पड़ेगा। **मौसमी रोगों** से आप पीड़ित हो सकते है। घर में तनावपूर्ण वातावरण रहेगा। आप **वट सावित्री सौभाग्य प्राप्ति दीक्षा** ग्रहण करें। **बाधायें** समाप्त होकर **शांति** प्राप्त होगी।

**न्यौछावर ₹ 2600/-**

14 से 20 जून तक-दिन सामान्य रहेगा। **गहरी सोच** व **ज्ञानवर्धक** काम करने पर **उचित परिणाम** मिलेगा। मेहमान का **आगमन** हो सकता है, घर में **उत्साहपूर्ण वातावरण** रहेगा। **उच्चाधिकारी** व **समकर्मी** का **सहयोग** प्राप्त होगा। **मनोरंजन** व **खरीददारी** में **धन व्यय** होगा। पुराना फंसा हुआ कार्य पूर्ण होगा। राजकीय कामों में सफलता मिलेगी।

21 से 30 जून तक- कार्यालय में कुछ नया नियम लाने की कोशिश करेंगे जिससे **संस्था को लाभ** प्राप्त हो। सभी सहकर्मी आपकी प्रशंसा करेंगे। **विद्यार्थी वर्ग** को **परिश्रम** के अनुसार **फल** प्राप्त होगा। किसी भी **दस्तावेज** पर बिना सोचे-समझे हस्ताक्षर न करें ।

**शुभ तिथियाँ 3,7,9,11**



## कर्क

**01 से 06 जून तक**-इस माह आपको **कड़ी मेहनत** करनी पड़ेगी। समय पर काम पूर्ण करने हेतु आपको कठिन परिश्रम करना पड़ेगा और उसका **सुफल** भी आपको प्राप्त होगा। **धनागमन** का नया स्त्रोत खुलेगा। **समाज** व **गुरू सेवा** में व्यस्त रहेंगे। **आर्थिक स्थिति** में वृद्धि होगी। समय आपके **अनुकूल** है, जो भी काम आप हाथ में लेंगे वह **पूर्ण** हो जायेगा। **अधिकारी** व **सहकर्मी** आपकी प्रशंसा करेंगे।

**07 से 13 जून तक**-आप किसी **समस्या** में फंस सकते है। लोग आपका **तिरस्कार** करेंगे। कोई वस्तु खरीदने से पहले अच्छी तरह से विचार कर लें अन्यथा धोखा खायेंगे। व्यवसाय में जरूरत से ज्यादा किसी पर भरोसा न करें, नुकसान हो सकता है। आप **निखिलेश्वरानन्द गुरू आत्म शक्ति दीक्षा** ग्रहण करें, **बाधायें** समाप्त होकर **अनुकूल परिस्थिति** निर्मित होगी। **न्यौछावर ₹1800/-**

**14 से 20 जून तक**-समय **मिश्रित फलकारी** है। योग कार्यक्रम आयोजन करने में आप व्यस्त रहेंगे। पति-पत्नी के बीच प्रेम बढ़ेगा। **आध्यात्मिक जीवन** में रूचि रहेगी। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा। आपको किसी मामले में फंसाया जा सकता है। आप अपने **क्रोध** पर नियंत्रण रखें अन्यथा आप किसी **विपत्ति** में फंस सकते है।

**21 से 30 जून तक**-रिश्तेदार का आगमन होगा और उनके **स्वागत** में व्यस्त रहेंगे। **मनोरंजन, खरीददारी** आदि में खर्च होगा। कोई **शुभ समाचार** प्राप्त हो सकता है। **आर्थिक बजट** बिगडेगा। माह के अंत में किसी से उधार लेना पड़ सकता है। घरेलू मसलों में आप घिरे रहेंगे।

**शुभ तिथियाँ 2,7,10,18**



## सिंह

**01 से 06 जून तक**-इस माह का प्रारम्भ सामान्य रहेगा। पति-पत्नी के बीच **बेहतर सामंजस्य** रहेगा। **विद्यार्थी वर्ग** अपनी **मनोकामना** पूर्ति हेतु **कठिन परिश्रम** करेंगे। माता-पिता की हर जरूरतों को पूर्ण करेंगे। समय आपके **अनुकूल** है। हर कार्य में **सफलता** प्राप्त हो जायेगी। अचानक किसी संकट में फंस सकते है, सावधान रहे।

**07 से 13 जून तक**- आपकी **सम्मोहन शक्ति** लोगों को **प्रभावित** कर देगी। आप लोगों के बीच रहना पसंद करेंगे, इसी हेतु आपका अधिकतर समय **घर, परिवार, रिश्तेदार** व **मित्रों** के बीच व्यतीत होगा। आपके **निष्ठापूर्वक** काम करने के कारण अधिक काम सौंपा जा सकता है। सम्पर्क का दायरा बढ़ायेंगे जिससे आप का **भौतिक लक्ष्य** तक पहुँचना आसान हो जायेगा।

**14 से 20 जून तक**-इस समय कोशिश करने से पुराना फंसा हुआ धन प्राप्त हो जायेगा। दिनचर्या में **योग-प्राणायाम** आदि शामिल करेंगे। **सामाजिक क्षेत्र** में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। **ईर्ष्यावश शत्रु** आप पर हावी होंगे। मन स्थिर नहीं रहेगा। व्यर्थ के चिंतनों में समय खो बैठेंगे। **कमर दर्द** से पीड़ित रहेंगे। आप **वट सावित्री सौभाग्य प्राप्ति दीक्षा** ग्रहण करें, परिस्थिति आपके नियंत्रण में रहेगी। जीवन हर दृष्टि से **सुस्थितियों** की ओर अग्रसर होगा।

**न्यौछावर ₹ 2600/-**

**21 से 30 जून तक**- आर्थिक स्थिति में **स्थिरता** रहेगी। व्यवसाय में **नवीन योजनायें** शामिल करेंगे जो शीघ्र ही **लाभदायक** साबित होगी। **ज्योतिष, तंत्र-मंत्र** में **विशेष रूचि** रहेगी। किसी महात्मा का **आशीर्वाद** प्राप्त होगा।

**शुभ तिथियाँ 8,13,17,22**



## कन्या

**01 से 06 जून तक**-माह के प्रारम्भ में मन चंचल रहेगा। मन **अनावश्यक कार्यों** की तरफ दौड़ेगा। समय आपके **प्रतिकूल** है। शत्रु आपकी **प्रतिष्ठा** को समाप्त करने के लिये आतुर रहेंगे। समय व्यर्थ के कामों में **नष्ट** होगा। स्वभाव में भी **चिड़चिड़ापन** रहेगा। कर्मचारी व्यक्तियों को स्थानांतरण संबंधी **चिंता** सतायेगी। आप **सुरक्षा प्रदायिनी देवी कपिला योगिनी दीक्षा** ग्रहण कर विपरित परिस्थितियों से बच सकते है। **न्यौछावर ₹ 2100/-**

**07 से 13 जून तक**- समय आपके **अनुकूल** रहेगा। संतान से **शुभ समाचार** प्राप्त हो सकता है। आप हर कार्य को **ईमानदारी** से पूर्ण करेंगे, जिससे लोगों का **विश्वास** आप पर बढ़ेगा, परिश्रम के अनुसार आपको **फल** प्राप्त नहीं होगा। अपनी इच्छाओं की पूर्ति नहीं कर पायेंगे। **दुर्घटना** का योग बन रहा है आप **निखिल सायुज्य तीव्रप्रभाव युक्त कलमंजरीरंजिनी लॉकेट** धारण करें, जिससे **समस्याओं** का निवारण होगा। **न्यौछावर ₹ 1500/-**

**14 से 20 जून तक**-सरकारी कार्य गति पकड़ेंगे। आपका **आत्मविश्वास** विकसित होगा। **संतुष्टी** और **प्रगति** का शानदार दौर रहेगा। आपकी **सहनशीलता** का **सुफल** प्राप्त होगा। दूसरों को मदद करने में आपको **आनन्द** मिलेगा। आपके **व्यवहार** में **विनम्रता** रहेगी।

**21 से 30 जून तक**- मकान वाहन आदि **संबंधित कार्य** शुरू करने हेतु समय उचित है। हर किसी से प्रेम करने की कला सीखें, अति शीघ्र ही आपका **मानसिक तनाव** समाप्त होगा। किसी के कार्य को हाँ कहने से पहले सोच ले अन्यथा **ग्लानि** होगी। आप घर के छोटे-मोटे काम में पूरी तरह उलझ सकते है।

**शुभ तिथियाँ 4,7,13,21**

## तुला



**01 से 06 जून तक**-इस माह की शुरूआत अच्छी रहेगी। **संतान** के **आरोग्य** में कमी रहेगी जिससे मन उदास रहेगा। आपके पुराने मित्र व परिवार आपका **आत्मविश्वास** बढ़ायेंगे। **आर्थिक समस्या** आ सकती है। जीवन में आगे बढ़ने हेतु आप **कठोर परिश्रम** करेंगे। आपकी कुछ **परेशानियां** दूर होगी। आप . **निखिलेश्वरानन्द गुरू आत्म शक्ति दीक्षा** ग्रहण करें जिससे आपकी **समस्याओं** का निवारण होगा।

**न्यौछावर ₹ 1800/-**

**07 से 13 जून तक**-किसी **पारिवारिक समारोह** में आप भाग लेंगे। काम का बोझ अधिक रहेगा, आपने अपने घर और परिवार को पटरी पर लाने के लिये **कठिन परिश्रम** किया है, **निरंतरता** बनाये रखने की आवश्यकता है। आप द्वारा भरोसा करने वाले लोग ही आपकी मजबूरी का फायदा उठायेंगे। दूसरों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें।

**14 से 20 जून तक**-रूका हुआ सरकारी कार्य पूर्ण हो जायेगा। आप अपना **कौशल** बढ़ाने हेतु कुछ **प्रशिक्षण** ग्रहण करेंगे। कुछ घरेलू काम आप खुद नियत करेंगे। आप अपने समान रूचि रखने वालों के साथ सम्पर्क बनायेंगे, जिससे आप सुखद अनुभव करेंगे। आप व्यापारिक धार्मिक यात्रा पर जा सकते है। पति-पत्नी के बीच प्रेम बढ़ेगा।

**21 से 30 जून तक**- कुछ महत्त्वपूर्ण निर्णय लेने के कारण आपको **लाभ** प्राप्त होगा। **सकारात्मक** सोच और **दृढ़ संकल्प शक्ति** आपका **बल** है। जिससे आप हर **समस्याओं** को पार कर **सफलता** हासिल करेंगे। आपको आकस्मिक **धन लाभ** होगा।

**शुभ तिथियाँ 4,7,13,30**

## वृश्चिक



**01 से 06 जून तक**-इस माह का प्रारम्भ **शुभ** रहेगा। **मान-सम्मान** में **वृद्धि** होगी। वचन निभाने को आप महत्त्व देंगे जिससे लोग आपकी **इज्जत** करेंगे। दूसरों की **समस्या** यथासंभव हल करेंगे। बेटा-बेटी की **पढ़ाई, विवाह** आदि का खर्चा लेकर आप **चिंतित** रहेंगे। आप **सद्गुरू राज राजेश्वरी दीक्षा** ग्रहण करें, आय का **नया स्त्रोत** खुलेगा और **आर्थिक समस्या** हल हो जायेगी। **न्यौछावर ₹ 2600/-**

**07 से 13 जून तक**-वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। परिवार में **बड़े-बुजुर्गो** का ध्यान रखे। समय आपके लिये **अनुकूल** है, जो भी **कार्य** शुरू करेंगे वह **सफल** हो जायेगा। आपके जीवन में कुछ विशेष **परिवर्तन** आ सकता है। **सहकर्मियों** से **प्रेमपूर्वक** काम लेंगे। आपके और **उच्चाधिकारी** के बीच **तालमेल** बिठायेंगे। **मीडिया, कला, लेखन** के क्षेत्र से संबन्धित लोगों के लिये **लाभदायक** समय है।

**14 से 20 जून तक**-आप पर कोई **कलंक** लग सकता है। दूसरों की वजह से व्यर्थ के कामों में फंस जायेंगे। अपने आप पर **क्रोध** आयेगा। परिवार के सदस्यों के साथ **झगड़ा** हो सकता है। अपने आप पर **नियंत्रण** रखें, परिवार को भी **संयम** से संभाले। विद्यार्थियों को अपने **परिश्रम** का **प्रतिफल** प्राप्त होगा।

**21 से 30 जून तक**- **दृढ़ता** के साथ कार्य कर **शिखर** तक पहुँचेंगे। सम्पर्क का दायरा बढ़ायेंगे। दिन सामान्य रहेगा। परिवार के साथ किसी **धार्मिक स्थल** पर जा सकते है। आपके **कोर्ट-कचहरी** आदि कार्य हल होंगे। आप अपने क्रोध पर नियन्त्रण रखे अन्यथा आपका बनता काम रूक सकता है।

**शुभ तिथियाँ 1,6,11,27**

## धनु



**01 से 06 जून तक**-इस माह का आरम्भ उतना अच्छा नहीं है। बनता हुआ कार्य अचानक रूक जायेगा। ग्रह आपके **प्रतिकूल** है। पदोन्नति में **बाधायें** आयेंगी। काम पर **व्यस्तता** होते हुए भी **घर-परिवार** के लिये समय देंगे। माता के **स्वास्थ्य** को लेकर आप **चिंतित** रहेंगे। मीडिया के क्षेत्र में आप अपना **अस्तित्व** स्थापित करेंगे। आप **वट सावित्री सौभाग्य प्राप्ति दीक्षा** ग्रहण करें, **बाधाये** दूर होकर **सफलता** प्राप्त होगी।

**न्यौछावर ₹ 2600/-**

**07 से 13 जून तक**-भविष्य को लेकर **महत्त्वपूर्ण योजना** बनायेंगे। घर-परिवार में कोई **शुभ कार्य** होने की **संभावना** है। **अधिक खर्च** को लेकर थोड़ा सा **तनाव** रह सकता है। सावधान रहते हुए भी आपसे कोई **गलती** हो जायेगी जिससे आप **लज्जित** भी होंगे। **जीवनसाथी** से भरपूर तालमेल बिठाकर कार्य करेंगे।

**14 से 20 जून तक**-पुराना फंसा हुआ धन वापस मिलेगा। व्यवसाय में कोई **बड़ा आर्डर** प्राप्त हो सकता है। परोपकार की भावना से **ओत-प्रोत** रहेंगे। मित्रों के साथ कोई **योग कार्यक्रम** में भाग ले सकते है। कार्यालय में आपका **पराक्रम** बढ़ेगा। **स्वास्थ्य संबंधी** परीक्षण के लिये आपको किसी चिकित्सक के पास जाना पड़ सकता है।

**21 से 30 जून तक**- आप किसी **समारोह** में शामिल होंगे। **दाम्पत्य जीवन** सुखमय रहेगा। **मनोकामना पूर्ण** करने के लिये **कठिन परिश्रम** करेंगे। आपको कहीं से **आकस्मिक धन** प्राप्त होगा। आप अपने परिवार के साथ समय व्यतीत करेंगे। **इष्ट** व **गुरू** के प्रति **कृतज्ञ** रहेंगे।

**शुभ तिथियाँ 11,16,18,26**

PMYV



## मकर

**01 से 06 जून तक-** इस माह की शुरूआत **सफल** व **लाभदायक** रहेगी। **सरकारी कार्य** में **सफलता** प्राप्त होगी। आपकी रूकी हुयी योजना फिर से शुरू होगी। अपने **वाक् चातुर्य** के बल पर लोगों का दिल जीतेंगे। मेहमानों का आगमन होगा। घर में **उत्सवपूर्ण वातावरण** रहेगा। कार्यालय में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, **मन उदास** रहेगा। रिश्तेदार से कुछ **शुभ समाचार** प्राप्त होगा। आप अपने जीवन में आ रही **प्रतिकूल** परिस्थितियों के **निवारण** के लिये **निखिलेश्वरानन्द गुरू आत्म शक्ति दीक्षा** ग्रहण करें।

**न्यौछावर ₹ 1800/-**

**07 से 13 जून तक-** समय आपके **अनुकूल** है। आप अपनी **कार्य क्षमता** बढ़ाने हेतु कोई नया हुनर सीख सकते है। आप किसी कारणवश **परेशान** रहेंगे व मन भारी रहेगा।

**14 से 20 जून तक-**दिन-दिन व्यापार घटता जायेगा व्यवसाय को लेकर आप **चिंतित** रहेंगे। शरीर व मन को **स्वस्थ** रखने के लिये **योग, प्राणायाम, ध्यान** आदि अपनायेंगे। कोई विशेष **कार्यक्रम** पर जा सकते है। आप इस समय अपने **बच्चो** व **परिवार** के लिये समय दे पायेंगे। समय **मनोरंजन** में व्यतीत होगा।

**21 से 30 जून तक-**आप समाज की बिगड़ी हुई स्थितियों को **सुधारने** का प्रयास करेंगे। **चुनौतियां** व **संकट** आ सकता है, हर **समस्याओं** को अपने अनुकूल बनाने की कला आपको सीखनी पड़ेगी। **अनुशासित जीवन** जीना आप पसंद करेंगे और दूसरों को भी पालन करने के लिये प्रेरित करेंगे।

**शुभ तिथियाँ 29,15,6,1**



## कुंभ

**01 से 06 जून तक-**इस माह का आरम्भ उतना अच्छा नहीं है। किसी रिश्तेदार से कोई **अशुभ समाचार** प्राप्त हो सकता है। घर के बड़े-बुजुर्ग को लेकर **अस्पताल** का चक्कर काटना पड़ सकता है। शत्रु आपकी कोई छोटी गलती को भी बड़ा कर लोगों के सामने दिखायेंगे। आप **सुरक्षा प्रदायिनी देवी कपिला योगिनी दीक्षा** ग्रहण करें परिस्थिति आपके नियंत्रण में रहेगी।

**न्यौछावर ₹ 2100/-**

**07 से 13 जून तक-**परिश्रम के अनुसार **लाभ** प्राप्त होगा। यह समय उत्तम भविष्य के लिये योजना बनाकर **क्रियाशील** होने का है। किसी **संत महापुरूष** का **आशीर्वाद** प्राप्त होगा। **स्वास्थ्य** सुधरेगा। व्यापार में कोई खास **सफलता** नहीं मिलेगी, फिर भी आप हिम्मत नहीं हारेंगे। पति-पत्नी में आपसी **सामंजस्य** रहेगा। दोनों एक-दूसरे की **भावनाओं** को समझ कर उसके अनुरूप व्यवहार अमल में लायेंगे।

**14 से 20 जून तक-**निष्ठा पूर्वक कार्य करना आपका **स्वभाव** है। किसी नवीन तरीके से संस्था को **लाभ** प्राप्त होगा। **तेज** और **स्वस्थ** शरीर प्राप्ति हेतु **योग, प्राणायाम** आदि अपनायेंगे। **घर-परिवार** की जरूरतों को पूर्ण करेंगे। बेरोजगारों को रोजगार प्राप्ति हेतु और अधिक परिश्रम करना पड़ेगा।

**21 से 30 जून तक- सम्पत्ति** सम्बन्धी **विवाद** किसी की भी मध्यस्थता से समाप्त होंगे। **माता-पिता** का स्वास्थ्य गड़बड़ हो सकता है ध्यान रखें। नौकरी में अधिकारी आपकी राय को स्वीकार करेंगे। फिजूलखर्ची ज्यादा रहेगी, **फालतू के खर्चो** पर नियंत्रण रखें।

**शुभ तिथियाँ 25,14,8,5**



## मीन

**01 से 06 जून तक-**माह का प्रारम्भ **शुभ** रहेगा। आपको **परिश्रम** का सुफल प्राप्त होगा। कुछ कर दिखाने के लिये **प्रयासरत** रहेंगे और कुछ हद तक **सफलता** भी प्राप्त हो जायेगी। शत्रु आपको **नुकसान** पहुँचाने के लिये **प्रयासरत** रहेंगे। किसी **महत्त्वपूर्ण व्यक्तित्व** से जान पहचान होगी जिससे आपके जीवन में **उन्नति का मार्ग** प्रशस्त होगा।

**07 से 13 जून तक-खर्च** अधिक हो सकता है सावधान रहे। **मित्र** या **रिश्तेदार** से कोई **शुभ समाचार** प्राप्त हो सकता है। पति-पत्नी के बीच **मधुरता** बढ़ेगी। **आर्थिक स्थिति** धीरे-धीरे **दृढ़** होती जायेगी। किसी **लाभदायक योजना** को क्रियात्मक रूप देने में प्रयासरत रहेंगे। लोगों के बीच आपकी **मान-प्रतिष्ठा** बढ़ेगी। आपका मन **प्रफुल्लित** रहेगा।

**14 से 20 जून तक-**सहकर्मियों के साथ **वाद-विवाद** हो सकता है। स्वभाव में कड़ापन रहेगा। घर में तनावपूर्ण वातावरण रहेगा। दिन सामान्य रहेगा। राजकीय कार्यो में **सफलता** प्राप्त हो सकती है। काम-काज में कोई **नया अवसर** प्राप्त होगा। **मनोकामना** पूर्ण होगी। **अविवाहित युवा युवतियों** का **विवाह** होने का **योग** बन रहा है, **श्रेष्ठ जीवन साथी** प्राप्त करने हेतु **वट सावित्री सौभाग्य प्राप्ति दीक्षा** ग्रहण करें।

**न्यौछावर ₹ 2600/-**

**21 से 30 जून तक-** भाइयों के बीच आ रही गलतफहमियां समाप्त होंगी। आपका समय **प्रतिकूल** है। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें, **दुर्घटना** होने का **योग** प्रबल है। **क्रोध** व **वाणी** पर नियंत्रण रखें अन्यथा आप किसी विकट परिस्थितियों में फंस सकते है।

**शुभ तिथियाँ 25,16,7,3**